स्टॉफ क्लब, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा तीन प्राध्यापकों का बिदाई समारोह कार्यक्रम का समापन

जबलपुर। दिनांक 01.04.2019 को आचार्य डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के तीन प्रख्यात प्राध्यापकों क्रमशः डॉ. विकास चंद्र सरखेल, संचालक जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र, डॉ. ओम प्रकाश श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष मादा प्रजनन एवं प्रसूति विभाग/सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी एवं डॉ. नरेन्द्र कुमार जैन, विभागाध्यक्ष पशु विकृति विज्ञान/संचालक पशुचिकित्सा पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर का बिदाई समारोह कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के अवसर पर सेवा निवृत्तमान प्राध्यापकों का शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं बिदाई सम्मान पत्र के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवा निवृत्तमान प्राध्यापकों ने अपने–अपने सेवा काल की उपलब्धियों, विभिन्न गतिविधियों एवं विचारों को महाविद्यालय के सभागार में उपस्थितजनों के बीच उद्‌बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आचार्य डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा अपने उद्‌बोधन में कहा कि हम सभी को इन गुरूजनों से शिक्षा लेते हुऐ अपने सेवाकाल के दौरान शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों को अंगीकृत करते हुये विश्वविद्यालय के विकास में अपनी अहम भूमिका का निर्वाहन करना है। साथ ही आपने निवृत्तमान प्राध्यापकों के स्वास्थ्य, समृद्धशाली एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनायें ज्ञापित की है।

बिदाई समारोह के कार्यक्रम में डॉ. एस.एन.एस. परमार, डॉ. यशपाल साहनी, डॉ. जे.के. भारद्वाज, डॉ. पी.सी. शुक्ला, डॉ. श्रीकांत जोशी, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. एच. एस. सिंह, डॉ. ए.के. गौर, डॉ. सुनील नायक, डॉ. जी.दास एवं महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, सह–प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापकों एवं तकनीकी सहायकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निधि राजपूत ने एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अखिलेश पाण्डे ने किया।